अधिवक्ता संघ चुनाव में 94 फीसदी मतदान

मतगणना आज सुबह 10 बजे से, शांतिपूर्ण तरीके से हुआ मतदान, अध्यक्ष पद के चार दावेदार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 जुलाई। जिला अधिवक्ता संघ बैढ़न का आज सोमवार को काफी गहमागहमी एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ है। इस चुनाव में 94 प्रतिशत मतदान हुआ है। 685 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। मतो की गणना कल मंगलवार को सुबह 10 बजे से की जावेगी।

दरअसल जिला अधिवक्ता संघ बैढ़न-सिंगरौली का मतदान आज सोमवार की सुबह से ही काफी गहमागहमी का माहौल बना रहा। यहां अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जिसमें मुख्य रूप से वर्तमान अध्यक्ष बृजेन्द्र देव पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष रमाशंकर शाह, राजकुमार दुबे एवं विपीन कुमार शाह शामिल हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए आशीष शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। जबकि सचिव पद के लिए अनिल सिंह परिहार, जगमोहनलाल साहू, रणधीर कुमार मंडल, रामरक्षा शाह, विकास कुमार दुबे भाग्य आजमा रहे हैं। उधर सह सचिव पद के लिए अब्दुल मुबीन सिद्धिक्की, सरोज कुमार वर्मा चुनावी मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए किरण शाहवाल एवं वीणा रानी तथा ग्रंथपाल पद के लिए गंगाशरण शाह एवं जगनारायण बैस चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी विनोद गुप्ता एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रभुलाल कुशवाहा के देख-रेख में आज मतदान शुरू हुआ। 730 अधिवक्ता मतदाताओं में से 685 अधिवक्ताओं ने अपने मत का उपयोग किया है। यह चुनाव काफी शांतिपूर्ण रहा है। मतों की गणना कल मंगलवार को होगी।

अध्यक्ष एवं सचिव पद पर हैं सब की नजरें

जिला अधिवक्ता संघ बैढ़न के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार अधिवक्ता चुनावी मैदान में हैं और सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीता सुनिश्चित मान रहे हैं। इस चुनाव में चतुष्कोणी मुकाबला माना जा रहा है। वहीं सचिव पद के त्रिकोणी मुकाबला माना जा रहा है। अब किसके सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा, यह तो कल दिन मंगलवार को दोपहर तक में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। लेकिन मतगणना के बाद अध्यक्ष, सचिव, ग्रंथपाल एवं कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के समर्थक तरह-तरह के कयास लगाना शुरू कर दिये हैं।

चुनाव के प्रति अधिवक्ताओं में दिखा उत्साह

जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में काफी उत्साह दिखा है। 94 फीसदी मतदान ही बता रहा है कि अधिवक्ताओं ने मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। इतना ही नही मतदान केंद्र पर सुबह 9 बजे से ही पूरे दिन अनुशान, सौहार्द्र और उत्साह का माहौल दिखा है। शाम 5 :30 बजे तक मतदान हुआ। जिसमें 685 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

शासकीय भूमि पर स्टे से बढ़ा विवाद

दुधमनिया तहसीलदार के आदेश पर उठाए सवाल, चर्चाओं का बाजार गर्म

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 जुलाई। चितरंगी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बिरकुनिया में निर्माणाधीन कॉमन सर्विस सेंटर पर तहसीलदार न्यायालय दुधमनिया द्वारा जारी अस्थायी स्थगन आदेश अब विवादों के घेरे में आ गया है।

शासकीय माध्यमिक विद्यालय बिरकुनया के प्रधानाध्यापक के आवेदन पर तहसीलदार ने 6 जुलाई को म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत निर्माण कार्य पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी। आदेश जारी होने के बाद ग्राम पंचायत और स्थानीय लोगों ने तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। तहसीलदार के आदेश में उल्लेख किया गया है कि भूमि खसरा क्रमांक 853, रकबा 0.58 हेक्टेयर पर ग्राम पंचायत द्वारा कॉमन सर्विस सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। आवेदन

में कहा गया कि इससे विद्यालय के बच्चों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होगी। इसी आधार पर न्यायालय ने निर्माण कार्य तत्काल रोकने और संबंधित पक्षों को नियत तिथि पर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर ग्राम पंचायत का कहना है कि जिस भूमि पर निर्माण हो रहा है वह शासकीय भूमि है और राजस्व अभिलेखों खसरा में उसका उपयोग पाठशाला एवं ग्राम पंचायत के नाम दर्ज है। पंचायत का दावा है कि खसरे में कहीं भी खेल मैदान का उल्लेख नहीं है, जबकि स्थगन आदेश में बच्चों के खेल एवं आवागमन का हवाला दिया गया है। सरपंच का आरोप है कि तहसीलदार ने न तो मौके का निरीक्षण किया और न ही ग्राम पंचायत का पक्ष सुनने के बाद आदेश पारित किया।

थाने में भी शिकायत, पुलिस मौन, निर्माण कार्य में ब्रेक

ग्राम पंचायत ने यह भी दावा किया है कि कॉमन सर्विस सेंटर का निर्माण शासकीय उपयोग के लिए कराया जा रहा था, ऐसे में सरकारी भूमि पर सरकारी निर्माण को रोकने के आधार को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सरपंच का कहना है कि यदि स्थल निरीक्षण और राजस्व अभिलेखों का परीक्षण पहले किया जाता तो स्थिति स्पष्ट हो सकती थी। इधर सरपंच द्वारा मोरवा थाना में प्रधानाध्यापक पर निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने की लिखित शिकायत भी की गई थी। पंचायत का कहना है कि शिकायत दिए लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस स्तर पर कोई ठोस जांच या कार्रवाई नहीं हुई। अब ग्रामीण पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर तहसीलदार के स्थगन आदेश, राजस्व अभिलेखों और शिकायतों की वस्तुस्थिति सार्वजनिक करने की मांग कर रहे हैं।

एक नजर में

पार्षद ने किया नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन

सिंगरौली। नपानि के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 38 तुलसी ढोटी में आज सोमवार को स्थानीय निवासियों की एक बेहद पुरानी और प्रमुख मांग पूरी हो गई है। क्षेत्र में 12 .36 लाख रुपए की लागत से होने वाले नाली निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह महत्वपूर्ण निर्माण कार्य पप्पू शाह के घर से लेकर बाबूराम साकेत के घर तक किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को जलभराव और गंदगी की समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति मिलेगी। इस बहुप्रतीक्षित कार्य की शुरुआत होने से स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह और खुशी का माहौल है। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 38 तुलसी के पार्षद एवं नगर पालिक निगम सिंगरौली के अपीलीय समिति सदस्य अनिल कुमार बैस मुख्य रूप से मौजूद रहे।

एनएससी में एबी-स्कैन व यूवएम मशीन की सौगात

सिंगरौली। एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार द्वारा एबी-स्कैन मशीन एवं यूवएम मशीन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा सेवाएं डॉ. विवेक खरे, विभागाध्यक्ष नेत्र विभाग डॉ देवी दास, सीएमएस प्रभारी डॉ मंजरी मेहता, महाप्रबन्धक सीएसआर राजीव रंजन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इन मशीनों से नेत्र रोगों की पहचान और इलाज में आसानी होगी। यूबीएम स्कैन मशीन से मोतियाबिंद के मरीजों के लिए कृत्रिम लेंस की पावर का सटीक कैलकुलेशन किया जा सकेगा।

उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन 10 अगस्त तक

सिंगरौली। जिले में वर्ष 2025-26 विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम पीएसएस योजना के तहत ग्रीष्मकालीन उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन से 10 अगस्त तक किया जाएगा। उपार्जन की समस्त प्रक्रिया ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएगी। किसानों की सुविधा एवं सुगम उपार्जन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में तीन उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, चितरंगी, मझौली एवं तियरा शामिल हैं।

रास्ते को लेकर आरोपी ने प्रौढ़ का काटा कान

चितरंगी। गढ़वा थाना क्षेत्र के ग्राम रमडीहा में रास्ता को लेकर मारपीट की गई है, जिसमें फरियादी अभिमन्यू सिंह को आरोपी वीरेन्द्र सिंह ने मारपीट करते हुये कान काट कर लहुलुहान कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रमडीहा निवासी अभिमन्यू सिंह पिता शीतला सिंह उम्र 49 वर्ष ने रिपोर्ट किया कि दोपहर करीब 3 बजे वीरेन्द्र सिंह पिता बृजमोहन सिंह पट्टे की आराजी में जबरन खेत में तार के बाड़ी को ट्रैक्टर से तोड़ते हुये अपने घर ले गये। कारण पूछने पर वीरेन्द्र सिंह अश्लील गालियां देते हुये जमीन में पटककर एवं मारपीट कर दाँत से दोनों कान काट लिया है। चिल्लाने पर मीरा देवी, दुर्गा बारी व अन्य पहुंचे व बीचबचाव किया। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

शक्ति केंद्रों व बूथों के सांगठनिक ढांचे पर जोर दें : विजय दुबे

भाजपा की मासिक कामकाजी एवं योजना की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 जुलाई। भाजपा की अनिवार्य मासिक जिलास्तरीय बैठक जिला कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। यह महत्वपूर्ण बैठक संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे के नेतृत्व तथा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक मे विशिष्ट अतिथियों की आंसदी पर जिला संगठन प्रभारी विनोद यादव, राज्यमंत्री राधा सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, प्रेमवती खैरवार, द्वय विधायक रामनिवास शाह, देवसर राजेंद्र मेश्राम, सीडा अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, सीधी संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी मंचासीन रहे। बैठक में स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने दिया। अपने उद्बोधन में जिलाध्यक्ष ने बैठक की रूपरेखा पर संक्षिप्त उद्बोधन दिया तथा बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक कोई संख्यात्मक बैठक नहीं है इस बैठक में वही लोग अपेक्षित हैं जिनको संगठन के संचालन की प्रत्यक्ष भूमिका सौंपी गई है। संभागीय प्रभारी ने जिला संगठन, मंडल संगठन के बाद शक्ति केंद्रों तथा बूथों के सांगठनिक ढांचे पर जोर देने की बात कही। बैठक का मंचीय संचालन जिला महामंत्री योगेन्द्र योगेन्द्र द्विवेदी ने किया तथा आभार जिला महामंत्री विक्रम सिंह चंदेल ने प्रकट किया। बैठक में समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष समेत अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चिकित्सालय बैढ़न को मिलेगा नया ब्लड बैंक

सांसद के आग्रह पर स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ाए कदम, उपमुख्यमंत्री को भेजे प्रस्ताव पर मिली सहमति

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 जुलाई। जिला चिकित्सालय बैढ़न में जल्द ही नए ब्लड बैंक की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होता दिखाई दे रहा है। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा की गई पहल के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इस दिशा में आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सांसद ने स्वयं इसकी जानकारी देते हुए कहा कि विगत माह डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मुलाकात कर जिला चिकित्सालय बैढ़न में आधुनिक ब्लड बैंक स्थापित करने

की मांग रखी थी, जिस पर अब सकारात्मक कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। सांसद ने 28 मई को उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बताया था कि लगभग 400 बिस्तरों वाले जिला चिकित्सालय बैढ़न में अब तक समुचित ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया था कि गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं, थैलेसीमिया, सिकल सेल एवं एनीमिया से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए नए ब्लड बैंक की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इसके लिए लगभग 1 करोड़ 96 लाख 71 हजार 598 रुपये की स्वीकृति एवं बजट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। सांसद के पत्र के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम, म.प्र. की मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने 10 जुलाई को पत्र जारी कर अवगत कराया कि जिला चिकित्सालय एवं चिकित्सा महावि. में ब्लड सेंटर एवं कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट की स्थापना आवश्यक है। पत्र में यह भी उल्लेख है कि कलेक्टर को 18 जून को आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था डीएमएफ एवं सीएसआर फंड से कराने के संबंध में पत्र भेजा गया था, जिस पर कलेक्टर ने सहमति प्रदान की है। सांसद ने विश्वास जताया कि सभी औपचारिकताएं पूरी होते ही जिला चिकित्सालय बैढ़न में नए ब्लड बैंक की स्थापना होगी।

गुप्तेश्वर मंदिर के समीप नल-जल की फूटी पाइप

सिंगरौली 13 जुलाई (एनबीएन)। नपानि सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 40 हनुमान मंदिर मार्ग गुप्तेश्वर मंदिर के समीप करीब एक पखवाड़े से अमृत नल-जल योजना की पाइप फूटी हुई है और रोजाना सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। मोहल्लेवासियों ने इस ओर निगमायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है।

सप्ताह में दो दिन व्यापक रूप से कराएं पौधरोपण : गौरव

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 जुलाई। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने जिपं सीईओ एवं ननि आयुक्त को निर्देशित किया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत सप्ताह में दो दिवस निर्धारित कर लक्ष्य के अनुरूप व्यापक पौधरोपण कराया जाए। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए आवश्यक फेंसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अभियान में जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिक पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान से जुड़ सके। वहीं डीईओ को निर्देशित किया कि जिन विद्यार्थियों की अभी तक अपार आईडी नहीं बनी है, उनकी आईडी एक सप्ताह के भीतर तैयार कराई जाए।

गड्ढों को भरने का काम ननि ने किया शुरू

सिंगरौली 13 जुलाई (एनबीएन)। डीएव्ही मार्ग के साथ-साथ रामलीला मैदान के पीछे सड़क में खाईनुमा गड्ढों के चलते आवागमन प्रभावित हो रहा है। बारिश का पानी लबालब भरने से स्कूली बच्चे भी परेशान हैं। नवभारत में खबर प्रकाशन के बाद निगमायुक्त सविता प्रधान ने सड़क के गड्ढों को ठीक कराने में जुट गई हैं।

पौधे लगाएं और उसकी नियमित देखभाल करें : संजय

नवभारत न्यूज

रिहंदनगर 13 जुलाई। एनटीपीसी रिहंद ने उ.प्र. भर में आयोजित राज्यव्यापी वृक्षारोपण महायज्ञ में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया।

यह अभियान एक पेड़ माँ के नाम थीम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य हरित क्षेत्र का विस्तार करना व जनसामान्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस वृक्षारोपण अभियान में एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

तथा निकटवर्ती वन क्षेत्र में लगभग 300 पौधों का रोपण किया। संजय असाटी कार्यकारी निदेशक द्वारा लाल चंदन का पौधा रोपित कर किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर श्री असाटी ने सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और उपस्थित जनों से न केवल अधिकाधिक वृक्ष लगाने, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया।

लिपिक को नोटिस जारी, जांच टीम पहुंची

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 जुलाई। जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली कविता त्रिपाठी ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक कथित वीडियो को गंभीरता से लेते हुए कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 कृष्ण मुरारी सोनी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

नोटिस में कर्मचारी से तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जांच टीम भी आज सोमवार की दोपहर पहुंची थी। डीईओ द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है, जिसमें कार्यालय कक्ष में किसी व्यक्ति से धनराशि लिए जाने का कथित दृश्य दिखाई दे रहा है। पत्र के अनुसार इस घटना से विभाग की छवि धूमिल होने तथा शासकीय सेवक के आचरण संबंधी नियमों के उल्लंघन का मामला प्रतीत होता है। डीईओ ने कृष्ण मुरारी सोनी को निर्देशित किया है कि नोटिस प्राप्ति के तीन दिन के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्ट एवं तथ्यात्मक जवाब प्रस्तुत करें। वहीं आज सोमवार की दोपहर तीन सदस्यीय जांच टीम बीईओ दफ्तर पहुंच जांच की है। जांच में क्या मिला, पता नही चल पाया है। जांच टीम ने इसे गोपनीय रखा है।

नर्सिंग क्रिटिकल केयर एवं इको कार्डियोग्राफी प्रशिक्षण शुरू

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 13 जुलाई। एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय एनएससी में सीएसआर पहल नन्हा सा दिल एनसीएल के अंतर्गत नर्सिंग क्रिटिकल केयर एवं इको कार्डियोग्राफी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से 18 जुलाई तक नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा एनसीएल में कार्यरत चिकित्सकों को 2-डी इको कार्डियोग्राफी और मेट्रोन, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ को रोगी की मूलभूत देखभाल, आराम एवं पोषण, हृदय मॉनिटरिंग एवं उपकरण संचालन, वेंटीलेशन केयर व बेसिक लाइफ सपोर्ट की बारीकियों से संबन्धित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे एवं अपने उद्बोधन में उन्होने सिंगरौली परिक्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

उमस से लोगों की बढ़ी बेचैनी

सिंगरौली 13 जुलाई (एनबीएन)। ऊर्जाधानी में पिछले दो दिनों से बारिश के थम जाने से उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। दरअसल दो दिन पहले बैढ़न समेत देवसर-चितरंगी क्षेत्र में बारिश हुई थी, जिससे किसानों के चेहरों पर मुस्कान आ गई थी। वहीं पिछले दो दिनों से बारिश थमी हुई है, जिसके कारण उमस बढ़ गई है और पंखे-कूलर भी काम नही कर रही है। हालांकि धूप से राहत मिली है। आसमान में बादल छाए रहते हैं। सूर्य देवता ऑख मिचौली का खेल भी खेल रहे हैं। आसमान में काले बादलों पर अन्नदाताओं की नजरें टकी रहती हैं।

अंधियारिया गांव में लाखों का पुल है ध्वस्त, जिम्मेदार मौन

जनपद पंचायत देवसर क्षेत्र के कठदहा ग्राम पंचायत का मामला, 5वीं वित्त आयोग की है राशि

नवभारत न्यूज

देवसर 13 जुलाई। देवसर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कठदहा के अंधियरिया गांव में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुल का आधा हिस्सा कुछ वर्षो से ध्वस्त है। पांचवें राज्य वित्त आयोग की राशि से बने इस ध्वस्त पुल पर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

सबसे हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों के अनुसार पुल से अभी तक कोई भारी वाहन भी

नहीं गुजरा था, इसके बावजूद निर्माण धराशायी हो गया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पंचायत स्तर पर कराए जा रहे विकास कार्यों की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह पुल 2017-18 से निर्माणाधीन है। गुणवत्ताविहीन कार्य के चलते पुल के टूटे हिस्से में सरियों का ढांचा खुलकर सामने आ गया है, जिसे ग्रामीण घटिया निर्माण का प्रमाण बता रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस पुल से भारी वाहन या स्कूली वाहन गुजर रहे होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने, निर्माण की गुणवत्ता की जांच करवाने तथा यदि अनियमितता सिद्ध होती है तो संबंधित उपयंत्री, सरपंच, सचिव के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं जनपद सीईओ सूरज मिश्रा जांच कराने से हाथ खड़े करते हुये निर्माण एजेंसी पर मेहरवान दिखे।